# एसटीएफ व पुलिस का संयुक्त ऑप्रेशन

## अवैध शस्त्र-कारतूस व फर्जी लाइसेंसों के साथ तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एसटीएफ उत्तराखण्ड द्वारा राज्य में बाहरी राज्यों से स्थानान्तरित होकर आए शस्त्र लाइसेंसों की वैधता एवं सत्यता की जांच के उपरान्त काशीपुर कोतवाली में धारा 318(4), 338, 336(3), 340, 61(2), 3(5),111 बीएनएस 2023 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था उसी मुकदमे की विवेचना के क्रम में कल देर रात्रि एसटीएफ व ऊधमसिंह नगर पुलिस ने ज्वाइंट ऑप्रेशन में कार्यवाही करते हुए काशीपुर क्षेत्र से 3 लोगों को 3 अवैध शस्त्र, कारतूस व फर्जी लाइसेंस के साथ गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को प्राप्त गोपनीय सूचनाओं के आधार पर यह तथ्य प्रकाश में आया था कि राज्य में बड़ी संख्या में ऐसे शस्त्र लाइसेंस प्रचलन



में हैं, जो बाहरी राज्यों से स्थानान्तरित होकर उत्तराखण्ड की शस्त्र पंजिक.।ओं में दर्ज किए गए हैं तथा जिनमें फर्जीवाड़े एवं अनियमितताओं की संभावना है। इसी क्रम में एसटीएफ द्वारा विगत लगभग दो माह से विभिन्न राज्यों के जिलाधिकारी कार्यालयों एवं शस्त्र लाइसेंस निर्गमन प्राधिका.रियों से हजारों शस्त्र लाइसेंसों का विवरण प्राप्त कर सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि जांच में पाया गया कि नौशाद हुसैन सहित 10 व्यक्तियों द्वारा जनपद शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश से निर्गत दर्शाए गए शस्त्र लाइसेंसों के आधार पर काशीपुर स्थित गन हाउस से शस्त्र क्रय किए गए थे। प्राप्त आख्या में यह तथ्य प्रकाश में आया कि संबंधित व्यक्तियों के नाम से कोई शस्त्र लाइसेंस निर्गत नहीं किया गया था तथा प्रस्तुत लाइसेंसों के क्रमांक अन्य व्यक्तियों के नाम पर निर्गत पाए गए। इस प्रकार प्रस्तुत शस्त्र लाइसेंस प्रथम दृष्टया कूटरचित एवं फर्जी पाए गए। देर रात्रि 03 लोगों को अवैध शस्त्र, कारतूसों व कूटरचित शस्त्र लाइंसेंस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में नौशाद हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन निवासी मोहल्ला थाना साबिक काशीपुर इसके पास से 1 पिस्टल 30 बोर 28 कारतूस व कूटरचित लाइसेंस बरामद हुआ। जतिन कांडपाल पुत्र पूरन चन्द्र कांडपाल निवासी चामुंडा मंदिर काशीपुर के पास से 1 पिस्टल 32 बोर, 18 कारतूस व कूटरचित लाइसेंस बरामद हुआ तथा अजीम पुत्र नन्हें पहलवान निवासी ग्राम व पोस्ट सिन्धोली जनपद शाहजहाँपुर उत्तरप्रदेश हाल निवासी थाना काशीपुर उधमसिंह नगर से 1 पिस्टल 30 बोर, 19 कारतूस व कूटरचित लाइसेंस बरामद हुआ। एसटीएफ उत्तराखण्ड टीम में निरीक्षक एमपी सिंह व अरुण कुमार, उपनिरीक्षक जगदीप नेगी व प्रकाश भगत अ. उपनिरीक्षक सत्येन्द्र गंगोला, हे.कां. गोविन्द बिष्ट व रियाज अख्तर, कां. गुरवंत सिंह, हे.कां. सुरेन्द्र सामंत, कां. सोनू पाण्डे, हे.का. चालक संजय कुमार समेत ऊधमसिंह नगर पुलिस के उपनिरीक्षक सुनील सुतेड़ी, हेड कां. दीपक कुमार, कां. हरीश गोस्वामी व चालक ललित चौधरी शामिल रहे।

## सोने के बदले 15 मिनट में लोन: डीजीटल गोल्ड लोन से छोटे कारोबारियों को राहत की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने वेतनभोगी, स्वरोजगार, व्यापारी और एमएसएमई ग्राहकों के लिए गोल्ड लोन सेवा शुरू की है। प्रारंभिक चरण में यह सुविधा दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार ग्राहक सोने के मूल्यांकन के आधार पर 5,000 रुपये से शुरू होने वाला ऋण ले सकेंगे। आवश्यक दस्तावेज और सोने के सत्यापन के बाद ऋण स्वीकृति व वितरण की प्रक्रिया लगभग 15 मिनट में पूरी करने का दावा किया गया है। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस का कहना है कि पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस रखी गई है, ताकि ग्राहकों को आपातक.ालीन या व्यापारिक जरूरतों के लिए त्वरित वित्तीय सहायता मिल सके।

## एक नजर

### ब्रेक फेल होने से टेंपो ट्रैवलर पलटा

**कालाढूंगी।** नैनीताल मार्ग पर कालाढूंगी से करीब पांच किलोमीटर पहले गुरुवार देर रात पर्यटकों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर ब्रेक फेल होने के कारण पलट गया। हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जबकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के अनुसार हरियाणा के फरीदाबाद से आया एक स्कूल ग्रुप नैनीताल भ्रमण के बाद वापस लौट रहा था। टेंपो ट्रैवलर में शिक्षक और बच्चों सहित करीब 20 लोग सवार थे। इसी दौरान वाहन के ब्रेक फेल हो गए। चालक मुकेश (55) ने स्थिति को भांपते हुए वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया, जिससे वह सड़क पर ही पलट गया। यदि वाहन खाई की ओर बढ़ता तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक जयवीर सिंह और पुलिस टीम ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को कालाढूंगी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में प्रतिष्ठा (45), प्रया भारती (45), मनाया (15), गीता मल्होत्रा (15) और ऐश्वर्या (14) को मामूली चोटें आईं। उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### छात्रवृत्ति पोर्टल खुला, 30 सितंबर तक करें आवेदन

**बागेश्वर।** जनपद के छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग ने छात्रवृत्ति पोर्टल को 02 जून 2026 से विद्यार्थियों के लिए सक्रिय कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी हेम चंद्र तिवारी ने बताया कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) तथा दिव्यांग श्रेणी के पात्र छात्र-छात्राएं आगामी 30 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक सभी पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। साथ ही जनपद के सभी प्रमुख शिक्षण संस्थानों को भी इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। समाज कल्याण विभाग ने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन करने और आवश्यक दस्तावेजों को ऑनलाइन पोर्टल पर सही ढंग से अपलोड करने की अपील की है, ताकि छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### बारिश से मिली राहत, किसानों के चेहरे खिले

**बागेश्वर।** जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है। शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद कई क्षेत्रों में हल्की से लेकर तेज बारिश दर्ज की गई। बारिश होने से तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और वनों में लगी आग से बढ़ते तापमान के कारण गर्मी बढ़ गई थी। शुक्रवार को जिला मुख्यालय समेत विभिन्न तहसील क्षेत्रों में हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। हालांकि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वही लगातार अंतराल में हो रही बारिश किसानों के लिए भी फायदेमंद साबित हो रही है। किसानों का मानना है कि समय-समय पर होने वाली वर्षा धान की बुवाई के लिए अनुकूल है। इसके अलावा मिर्च, बैंगन, शिमला मिर्च, कद्दू, ककड़ी, लौकी और करेला जैसी सब्जी फसलों को भी इसका लाभ मिल रहा है। बारिश के कारण खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई है, जिससे किसानों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है।

### दोबारा पोस्टमार्टम के लिए कब्र से निकाला गया शव

**काशीपुर।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने मृतक के परिजनों की उपस्थिति में मुर्सलीन का शव कब्र से निकाला। परगना मजिस्ट्रेट अभय प्रताप सिंह ने मृतक के शव का पंचनामा भरा तथा शव पैनल पोस्टमार्टम के लिए सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी भेजा गया। विदित हो कि काशीपुर के मोहल्ला विजय नगर नईबस्ती निवासी 17 वर्षीय मुर्सलीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसके परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए नैनीताल हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दोबारा पोस्टमार्टम कराने की गुहार लगाई थी। हाई कोर्ट के आदेश पर शव को दफनाने के 19 दिन बाद आज कब्र से शव निकालकर दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने के लिए हल्द्वानी भेजा गया। इस दौरान सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल हरेंद्र सिंह आदि पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### राज्य आंदोलनकारी नगरकोटी को दी श्रद्धांजलि

**कांडा।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारी एवं कांडा क्षेत्र के अलकन्या गांव निवासी वरिष्ठ नागरिक शेर सिंह नगरकोटी (90) के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके देहावसान पर राज्य आंदोलनकारियों, व्यापारियों तथा क्षेत्रवासियों ने कांडा पड़ाव में शोक सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय शेर सिंह नगरकोटी ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी बंशीधर कांडपाल, गंगा लाल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, आलम मेहरा, भास्कर जोशी, हरीश कांडपाल, बबलू कांडपाल, प्रकाश तिवाड़ी तथा व्यापार मंडल एवं स्थानीय समाज के प्रतिनिधियों में प्रकाश नगरकोटी, जगदीश लाल वर्मा, कुंदन बोरा, उमाकांत मिश्रा, मदनलाल वर्मा, संजय शाह, गणेश कांडपाल, रमेश पांडेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

















**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महापौर, पार्षदों एवं नगर निगम अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने पौधारोपण किया। ट्रंचिग ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर दीपक बाली ने कहा कि यह शहर हमारा है इसलिए इसे साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी की हैं। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि शहर की जनता सफाई के प्रति निरंतर जागरूक हो रही है और पहले से बहुत बदलाव आया है फिर भी अभी और जागरूकता की जरूरत है। जिस दिन लोग सड़कों पर कूड़ा डालने पर एक दूसरे को टोकने लगेंगे समझो उस दिन काशीपुर स्वच्छ और सुंदर बन जाएगा। महापौर ने कहा कि जो लोग गीले कूड़े से खाद बनाने में आगे आएंगे उनका निगम हर संभव सहयोग करेगा। कार्यक्रम का संच.ालन टैक्स अधीक्षक अनिरुद्ध गौड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त शालिनी नेगी, विनोद लाल, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, पार्षद वैशाली गुप्ता, संदीप मोनू, संजय शर्मा, सीमा



सागर, सुरेश सैनी, रवि प्रजापति, देव प्रजापति, ममता कुमारी, प्रिंस बाली, बीना नेगी, अब्दुल कादिर, अनीता कांबोज, मनोज जग्गा, विजय बॉबी, भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, मुक्ता सिंह, चौधरी समरपाल सिंह, ज्योति रावत, प्रियंका अग्रवाल, मधुमिता बनर्जी सहित सफाई नायक राजेश कुमार एवं नगर निगम के दर्जनों पर्यावरण मित्रों ने भाग लिया।

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सैंकड़ों छायादार एवं फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार के नेतृत्व में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्राचार्य यूजी डॉ. निमिषा अग्रवाल, रजिस्ट्रार (विधि) सुधीर कुमार दुबे, पवन कुमार बख्शी, डॉ. सचिन गुप्ता एवं डॉ. मनीष अग्रवाल सहित समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ ने वृक्षारोपण किया।

**काशीपुर।** चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों, समस्त प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपिका आत्रेय द्वारा शपथ ग्रहण दिलाई गई एवं परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना सिंह, डॉ. गीता मेहरा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रमा अरोरा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. अंजजि गोस्वामी, प्राची धौलाखण्डी, डॉ. शालिनी सिंह डॉ. नवनीत कुमार सिंह, डॉ. ज्योति रावत, शीतल अरोरा कुमारी, सृष्टि सिंह आदि उपस्थित थे।

**कालाढूंगी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को तहसील प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कालाढूंगी सुधीर कुमार ने तहसील आवासी परिसर में फलदार व छायादार के पौधों का रोपण किया गया। श्री कुमार ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए जनमानस अधिक से अधिक पौधे लगाना सुनिश्चित करें। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुमार, तहसीलदार पूजा शर्मा आर्या सहित तहसील कर्मी मौजूद रहे। इधर, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के हल्द्वानी के बिठोरिया में भाजपा नेता मनोज पाठक के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से आयोजित इस अभियान के तहत मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मनोज पाठक ने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ परिवेश और हरित पर्यावरण ही समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला हैं। स्वच्छता अभियान में सुप्रसिद्ध योग शिक्षिका सोनिया आर्या, सेवानिवृत्त वन अधिकारी डीएस कोटलिया, प्रेमा उप्रेती, भाजपा कार्यकर्ता राजेश भारद्वाज, शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त सतीश पंत सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। वहीं, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कालाढूंगी रेंज एवं कार्बेट ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामनगर फारेस्ट डिवीजन से उपप्रभागीय वना.धिकारी (एसडीओ) कामनी आर्या उपस्थित रहीं। उनके साथ कार्बेट ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राज. कुमार पांडे एवं वार्ड सभासद रोहित बुदलाकोटी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**बागेश्वर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद भर में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं भूमि में पौधे रोपे गए तो कहीं गमलों में पौधारोपण कर लोगों को स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया गया। जिला न्यायालय परिसर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर के तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप कुमार तिवारी, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) योगेंद्र कुमार सागर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) शिवानी नाहर, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौध लगाये गए। जिला मुख्यालय स्थित नीलेश्वर मंदिर के समीप आयोजित हरित योग कार्यक्रम के अंतर्गत बृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वहीं विकासखंड कपकोट के गैराड़ क्षेत्र में एक व्यक्ति-एक वृक्ष अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुरेश गढ़िया, प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य सिंह तथा दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा जनपद की अन्य तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर वन विभाग ने एक रैली भी निकाली।

## पंतनगर विश्वविद्यालय में साइकिल रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने किया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित गांधी मैदान से प्रारम्भ हुई रैली स्टेडियम, छात्रावास मार्ग, बड़ी मार्केट एवं अम्बेडकर पार्क होते हुए सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा नियमित व्यायाम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था।



कार्यक्रम में पन्तनगर स्वास्थ्य संजीवनी संस्था द्वारा सभी 100 सदस्यों को एक नई साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण दोनों को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात पर्यावरणविद् डा. आरके श्रीवास्तव ने भी संस्था एवं विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

## लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दूचौड़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य अनीता सिंह के निर्देशन में, यूजीसी एवं एनसीटीई के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इसमें उन्नत भारत अभियान, ईको क्लब, रेड क्रॉस, बीएड विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग और हिन्दी विभाग की संयुक्त सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर स्थित हर्बल बॉटेनिकल गार्डन एवं अन्य स्थानों पर नीम, आंवला, तुलसी, अमलतास, बेल, बेला, सिल्वर ओक, गुलमोहर, मोरिंगा और चम्पा सहित विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अनीता सिंह ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक-एक पौधा गोद लेने और उसे अपने परिसर तथा गांवों में संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यूबीए प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे, डा. अरुण कुमार चतुर्वेदी, डा. गीता तिवारी पाण्डे, प्रो. बीना मथेला, प्रो. ललित मोहन पाण्डे, हरीश चन्द्र जोशी, हेमा जीना, राकेश कुमार, डा. कल्पना शाह, डा. सुनीता भंडारी, डा. भारत सिंह डोबाल, डा. मनोज कुमार जोशी थे।



## कांडा के युवक ने हापुड़ में फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कांडा निवासी युवक का हापुड़ में पेड़ से लटककर शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतक हापुड़ में ही एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। हापुड़ के बाबूगढ़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के अनुसार क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित एक खेत में पेड़ से लटके युवक का शव मिलने उन्हें सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मृतक की पहचान बागेश्वर जिले के सिमकुना निवासी 38 वर्षीय दिनेश चंद्र पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से पर्स, मोबाइल फोन तथा एक बैग बरामद हुआ, जिसमें चादर, कपड़े, सैंडल समेत अन्य सामान रखा था। बैग की तलाशी के दौरान कुछ चिकित्सीय पर्चे और दवाइयां भी मिलीं। बताया जा रहा है कि पुलिस को प्रारंभिक जांच में मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। बरामद चिकित्सीय पर्चों में मृतक के मानसिक बीमारी से उपच.ाररत होने का उल्लेख मिला है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। इधर दिनेश चंद्र पांडेय के निधन की खबर से उनके पैतृक गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वह अपने पीछे वृद्ध माता, पत्नी तथा दो पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में मातम का माहौल है। दिनेश परिवार का एकमात्र सहारा था।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर अल्मोड़ा में वृहद स्तर पर हुआ पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर भैंसियाछाना, बाड़ेछीना, स्यालीधार, धौलछीना, सोमेश्वर, पनुवानौला, दन्या, रानीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया, भिकियासैंण, सल्ट, देघाट सहित अन्य इलाकों में प्रशासनिक अधिक.ारी-कर्मचारी से लेकर आमजन ने पौधरोपण कर धरा को हरा बनाने का संकल्प लिया। शुक्रवार को कफड़खान अनुभाग अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि हथकरघा एवं हस्त शिल्प विकास परिषद उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल ने किया। उन्होंने कहा पर्यावरण का संरक्षण सभी का दायित्व है। मानव जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। कहा वृक्षों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इस मौके पर यहां ग्राम प्रधान जाखसौड़ा भगवत राम, प्रधान जगदीश राम, सरपंच देवेंद्र सिंह, महेश सिंह देवड़ी, वन दरोगा हरेंद्र सिंह सतवाल, वन बीट अधिकारी रोशन कुमार, वन दरोगा विनोद कुमार वन दरोगा, कंचन कुमार भोला, महेंद्र प्रसाद, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे। **रानीखेत** स्थित सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महा.निरीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में बीरसिवा स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा एसएसबी के अधिकारियों और





जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उप-महानिरीक्षक परीक्षित बेहर ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदूषण, प्लास्टिक कचरा और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। **इधर,** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सशक्त संदेश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने पिछले एक माह में वाहनों में लगाए गए अवैध मॉडिफाइड (रेट्रो) साइलेंसरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान जब्त किए गए 75 रेट्रो साइलेंसरों का शुक्रवार को विधिवत विनिष्टीकरण (नष्ट) किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे साइलेंसर ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ यातायात नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। वहीं, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की ओर से शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम एवं वृहद पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश श्रीकांत पांडे ने औषधीय पौधा लगाकर किया। उन्होंने मौजूद न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से एक-एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं, डीएलएसए सचिव अनामिका सिंह के नेतृत्व में पाण्डेखोला बाईपास से हाईडिल गेट तक विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। **उधर,** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में आधु.निक पर्यावरणीय समस्याएं एवं संरक्षण के प्रति मानवीय संवे.दनशीलता विषय पर सेमिनार एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र जोशी, कौशिक मित्रा, पुष्पा जोशी, स्मृति मित्रा तथा प्राचार्य ललित मोहन पांडे ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान समन्वयक रमेश सिंह रावत ने विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ललित मोहन पांडे ने प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जल संकट और जैव विविधता ह्रास जैसी चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र जोशी ने वृक्षारोपण के महत्व पर बल दिया। विश्व पर्यावरण दिवस पर हंस फाउंडेशन ने विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान डीनापानी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसके माध्यम से लोगों को वनाग्नि की रोकथाम, प्लास्टिक मुक्त वातावरण, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, गोष्ठी लोध में एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित कर वनाग्नि रोकथाम, प्लास्टिक मुक्त वातावरण, जैविक एवं अजैविक कूड़े-कचरे के उचित प्रबंधन तथा जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधान हिमांशु मेनाली, कुंवर पाल, रजनीश रावत, अनीता कनवाल, लछम राम, मनोज कांडपाल, साधना, कैलाश, ज्योति, दीपक, शंकर, राजेंद्र आदि रहे। विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर महिला कोतवाली की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान जन मानस को पर्यावरण को बचाने और अधिक से अधिक पौंधे लगाकार पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील की गई।

# धरा को हरा-भरा रखने का लिया संकल्प

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हल्द्वानी में जगह-जगह हुआ पौधारोपण, स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हल्द्वानी वन प्रभाग के छकाता रेंज अंतर्गत व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। अभियान के तहत हनुमानगढ़ी बैरियर से हैड़ाखान मोटर मार्ग तथा हनुमानगढ़ी बैरियर से खेड़ा चौराहा तक काठगोदाम-सितारगंज मोटर मार्ग के किनारे फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही सुल्तानगरी ब्लॉक में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी नन्धौर उप वन प्रभाग गणेश दत्त जोशी, छकाता रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। क्षेत्र पंचायत सदस्य खेड़ा जीवन चन्द्र आर्य, जिला पंचायत प्रतिनिधि अर्जुन सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान देवलामल्ला बची सिंह, ग्राम प्रधान खेड़ा यमुना बसन्त सनवाल, ग्राम प्रधान नवाड़खेड़ा राजू आर्य, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि उमेश चन्द्र टम्टा सहित स्थानीय जनता ने अभियान में सहयोग किया।
कार्यक्रम के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वनाग्नि और मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जंगलों की सुरक्षा और सतत विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा किए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में छकाता रेंज स्टाफ की भी सक्रिय भूमिका रही। अभियान के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और वन सुरक्षा को लेकर निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।




### एक समाज श्रेष्ठ समाज ने आर्मी कैंट में किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने भारतीय सेना के जवानों के साथ हल्द्वानी आर्मी कैंट में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू एवं मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार ने किया। इस दौरान संस्था पदाधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। संस्था के सचिव नन्दकिशोर आर्या ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा वृक्ष प्रदूषण नियंत्रण के साथ वातावरण को शुद्ध रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान पौधारोपण करने में सैन्य अधिकारियों एवं जवानों के साथ संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, सचिव नन्दकिशोर आर्या, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार, खुशी नागर, अमित आर्या, सूरज मिस्त्री, सुशील राय, मनीष साहू, अमन कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने लगाया 'एक पेड़ मां के नाम'

#### दरगाह और इंटर कॉलेज में पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दरगाह जलाल शाह मस्तान शाह बाबा परिसर एवं राजकीय इंटर कालेज, इंदिरा नगर बनभूलपुरा में संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड सह संयोजक जहीर अंसारी, कुमाऊं संयोजक महबूब अली, जिला मंत्री शानू खान, मंडल अध्यक्ष अनवर अली खान सहित अनेक गणमान्य लोग एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं और वर्तमान समय में बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों, विशेषकर ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना संभव है। साथ ही यह भी कहा गया कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रतिभागियों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### घर-घर पहुंचा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान घर-घर जाकर और राहगीरों को पौधे वितरित किए गए तथा लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान संस्थाओं ने न केवल पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला, बल्कि पक्षियों की सुरक्षा, सड़कों, गलियों और नालियों की स्वच्छता को भी पर्यावरण संरक्षण का अहम हिस्सा बताया। उपस्थित लोगों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ वातावरण और जैव विविधता की रक्षा ही वास्तविक पर्यावरण संरक्षण है। कार्यक्रम में शिव शक्ति संस्था, पतंजलि सेवा समिति और साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं संस्थाओं ने लेने की घोषणा की। इस अवसर पर हेमा मेलकानी ने एक भूतपूर्व खंड शिक्षा अधिकारी को पौधा भेंट कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया और उन्हें वृक्ष संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं लीला मनराल ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़ा गीत प्रस्तुत किया ये पॉलिथीन हटाना है, प्रकृति को बचाना है जिसने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। यहां सचिव हेमा मेलकानी, अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, संरक्षक लीला मनराल, उपसचिव रमेश चन्द्र, हेमा चिलवाल, सुनीता कोटिया, रीता पांडे, ममता जोशी, गीता पंत रहे।



### कुरिया गांव में फलदार व औषधीय पौधों का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुरिया गांव में अम्रपाली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ और सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी मदन सिंह बिष्ट के सहयोग से पर्यावरण जागरूकता एवं पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना रहा। मुख्य अतिथि मदन सिंह बिष्ट ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन और पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने ग्रामीणों और युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान ग्रामीणों को आम, लीची, अमरूद सहित विभिन्न फलदार एवं औषधीय पौधों का वितरण किया गया। साथ ही पौधों के संरक्षण, उनके पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी महत्व तथा सही तरीके से वृक्षारोपण करने की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों से वर्षा ऋतु में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने की अपील की गई। कार्यक्रम में अम्रपाली विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डा. एसके सिंह, कुलसचिव राधाचरण बेहरा, ग्राम प्रधान त्रिवेणी गायल, प्रो. विनोद नेगी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मनीष उप्रेती और उप-ग्राम प्रधान विकास गुणवंत सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, एनएसएस स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### युवा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति शीशमहल ने प्रत्येक सदस्य से एक पेड़ लगाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर युवा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति, शीशमहल द्वारा रामलीला मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में रुद्राक्ष, बेल, शमी, आम, अमरूद सहित विभिन्न फूलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। कार्यक्रम में पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, दर्जा मंत्री हरीश पांडे, मुख्य व्यवस्थापक गिरीश चंद तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष दिनेश फुलारा एवं पुष्पा संभल, महामंत्री एनडी तिवारी, सचिव विक्रम डंगवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश तिवारी सहित अनेक पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अलावा मोहन अधिकारी, नीरज जोशी, कमल पपनै, जगदीश गोड़, दयानंद तिवारी, गिरीश पांडे, केशव दत्त तिवारी, उमेश तिवारी, ईश्वरी दत्त तिवारी, गोपाल तिवारी, देवेश तिवारी, रमेश पलड़िया, भुवन तिवारी, पंकज दुम्का, खीमा तिवारी, बालम मेहरा, चंद्रशेखर शर्मा, हितेश ब्ल्यूटिया, पप्पू ब्रजवासी, डीडी सुयाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



### पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प

#### 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम पर नैनीताल में बड़ा स्वच्छता व पौधारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नैनीताल में संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा व्यापक स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' के अनुरूप देशभर के विभिन्न पर्वतीय एवं पर्यटक स्थलों पर एक साथ संचालित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ समाज को एकजुट करना रहा। इस अवसर पर मिशन के स्वयंसेवकों, सेवादल सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। नैनीताल में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहतास शर्मा एवं दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण के इस सामूहिक प्रयास की सराहना की। मिशन की ओर से बताया गया कि नैनीताल में फ्लैट मैदान, तल्लीताल, मल्लीताल, नैना मंदिर, स्नो व्यू पॉइंट, सूखा ताल और राजभवन मार्ग सहित प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। हजारों स्वयंसेवकों ने इन क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरा हटाकर लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा नुक्कड़ नाटिकाओं की प्रस्तुति भी दी गई, जिसका विषय 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' रहा। इसके माध्यम से पर्यावरण संकट और प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। स्वयंसेवकों ने बैनर, तख्तियों और मानव श्रृंखला के माध्यम से भी जनजागरूकता का संदेश दिया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन वर्ष 2014 से संयुक्त राष्ट्र की थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी देशभर के 18 पर्वतीय और पर्यटक स्थलों पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि मिशन द्वारा 'अमृत प्रोजेक्ट' (जल संरक्षण), 'वननेस वन' (वृक्षारोपण), स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर जैसे कई सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना के साथ किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।



## एक करोड़ 85 लाख की स्मैक, दो गिरफ्तार

### एसएसपी डा. मंजुनाथ ने किया अंतर्राज्यीय नेटवर्क का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मिशन ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। एसओजी और काठगोदाम पुलिस की संयुक्त टीम ने 618 ग्राम स्मैक के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.85 करोड़ रुपये आंकी गई है। बहुउद्देशीय भवन में शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने प्रेस वार्ता करते हुए स्मैक तस्करी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बीते 4 जून को काठगोदाम क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पश्चिमी खेड़ा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास निर्माणाधीन भवन के निकट दो संदिग्धों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 618 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और राजस्थान नंबर की हुंडई ऑरा कार बरामद हुई।
गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी 27 वर्षीय गजब सिंह और उसके सगे भाई 37 वर्षीय सीताराम के रूप में हुई है। गजब सिंह के पास से 311 ग्राम तथा सीताराम के पास से 307 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दोनों के खिलाफ कोतवाली काठगोदाम में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में सीताराम ने बताया कि वह टैक्सी चालक है और उसका ससुराल मुक्तेश्वर के जाड़ापानी क्षेत्र में है। दोनों भाई राजस्थान से स्मैक लेकर हल्द्वानी पहुंचे थे और काठगोदाम रेलवे स्टेशन के आसपास किसी व्यक्ति को इसकी खेप सौंपने की योजना थी। इसके बाद उन्हें मुक्तेश्वर जाना था। पुलिस जांच में सामने आया है कि गजब सिंह के खिलाफ राजस्थान में आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। वहीं सीताराम के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। एसएसपी ने इस कार्रवाई को जनपद में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी उपलब्धि बताते हुए पुलिस टीम को 2500 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में नशे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए 31 मामलों में 35 तस्करों को गिरफ्तार कर 2.181 किलोग्राम से अधिक स्मैक बरामद की है। इसके अलावा चरस, गांजा, डोडा और नशीले इंजेक्शनों की बरामदगी के मामलों में भी कई आरोपितों को जेल भेजा जा चुका है। टीम में प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम जसवीर सिंह चौहान, एसओजी प्रभारी मोहन सिंह सौन सहित एसओजी और काठगोदाम पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही।




## दायित्वधारी हुकम सिंह कुंवर का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य आन्दोलनकारी व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर को राज्य निर्माण आन्दोलनकारी सम्मान परिषद का अध्यक्ष बनाए जाने पर देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्य आन्दोलनकारी हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से राज्य आन्दोलनकारियों का सम्मान है। श्री कुंवर ने कहा कि राज्य निर्माण में राज्य आन्दोलनकारियों की भूमिका अहम रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. अनिल डब्बू अनिल खण्डेलवाल, जगमोहन सिह चिलवाल, राज कुमार केसरवानी, अजय कृष्ण गोयल, पृथ्वीपाल सिंह रावत, डा. केदार पलड़िया, पंकज सुयाल, बृजमोहन सिजवाली, रमेश जोशी, हर्ष जलाल, हरीश पाल, उमेश बेलवाल, रजत पन्त, नारायण सिंह राणा, मदन मोहन लोहनी, प्रकाश काण्डपाल, विक्की योगी, विनोद घिल्डियाल, एडवोकेट राम सिंह बसेड़ा, घनश्याम बिष्ट, किरन बोरा, डा. रूप सिंह कुंवर, जगदीश बेलवाल, श्याम सिंह नेगी, आफताब आलम, योगेश काण्डपाल, ललित पालिवाल, अभय पालीवाल, बालम बर्गली, बालम सिंह देवका, आफताब हुसैन, एचएस रावत, प्रीतम सिंह जीना, अशोक मोंगिया, तारा दत्त पाण्डे, विपिन काण्डपाल, दीवान सिंह बिष्ट, नरेन्द्र सिंह रावत, जितेन्द्र बोरा (एडवोकेट), गौरव कनार्टक (एडवोकेट), चन्द्रशेखर पाण्डे (एडवोकेट), उमेश जोशी (एडवोकेट), नरेश काण्डपाल (एडवोकेट), दीपक रौतेला, योगेश शर्मा, अमित बुढलाकोटी, देवेन्द्र सिंह नेगी, खिमेन्द्र सिंह बिष्ट, रवि गुप्ता, भाष्कर सुयाल मौजूद रहे।



## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

### कथा व्यास डा. नवीन चंद्र जोशी ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महत्ता पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धार्मिक आयोजन को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी परेश यति महाराज ने की। कलश यात्रा दत्तात्रेय आश्रम रामपुर रोड से प्रारंभ होकर कालिका मंदिर देवलचौड़ तक निकाली गई। यात्रा में महिलाओं ने मंगल परिधान धारण कर सिर पर कलश रखकर भगवान के जयकारों के साथ सहभागिता की। समिति के संरक्षक प्रो. एसडी तिवारी, स्थानीय संयोजक मोहन पाठक, मुख्य यजमान पान सिंह बिष्ट एवं तुलसी बिष्ट, पार्षद भागीरथी देवी, भाजपा नेता राजू नेगी, मदन नेगी सहित सैकड़ों श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल रहे। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास डा. नवीन चंद्र जोशी ने श्रीमद्भागवत महापुराण के माहात्म्य का वर्णन करते हुए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति ही मानव जीवन को मोक्ष की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा के दौरान उन्होंने धुंधकारी और गोकर्ण की प्रसंग कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत का श्रवण व्यक्ति को प्रेतयोनि सहित समस्त बंधनों से मुक्ति दिलाने वाला है। उन्होंने सत्य, शौच, दया और दान जैसे मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। यज्ञाचार्य प्रमोद जोशी के नेतृत्व में आचार्य प्रकाश चंद्र जोशी, सचिन जोशी, हेम चंद्र जोशी, आचार्य गोविंद बल्लभ जोशी, मंजीत जोशी और मोहित जोशी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं अनुष्ठान संपन्न कराए। अंत में महामंडलेश्वर स्वामी परेश यति महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए धर्म, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।



### बरेली रोड से युवती लापता

**हल्द्वानी।** बरेली रोड क्षेत्र से 22 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धानमील बरेली रोड निवासी एक महिला ने कोतवाली हल्द्वानी में दी तहरीर में बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी 26 मई की सुबह करीब 11 बजे बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने देर शाम तक युवती के घर नहीं पहुंचने पर रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के साथ ही अन्य संभावित स्थानों पर भी जानकारी जुटा रही है।

## एसटीएच में 6.4 किलो की स्तन गांठ का सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) के जनरल सर्जरी विभाग ने एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए 37 वर्षीय महिला के दाहिने स्तन से 6.4 किलोग्राम वजन की विशाल गांठ निकाल दी। यह ऑपरेशन जनरल सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. प्रतीक शाक्य के नेतृत्व में किया गया। पिथौरागढ़ जिले के मूनाकोट ब्लॉक की निवासी पूजा देवी पिछले एक वर्ष से इस समस्या से जूझ रही थीं। जांच के दौरान उनका हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 4 ग्राम प्रति डेसीलीटर पाया गया, जिससे उनकी स्थिति गंभीर थी। ऑपरेशन के लिए तत्काल रक्त की आवश्यकता होने पर अस्पताल टीम ने समाजसेवियों और स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सहयोग से सात यूनिट रक्त की व्यवस्था कराई। रक्त चढ़ाने और आवश्यक उपचार के बाद सर्जिकल टीम ने सफल ऑपरेशन कर गांठ को सुरक्षित रूप से निकाल दिया। उपचार और ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया गया। ऑपरेशन में डा. चन्द्र प्रताप, डा. आकांक्षा गुप्ता और डा. काजल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल और चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे संस्थान की बड़ी उपलब्धि बताया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मोबाइल झपटमारी का खुलासा, दो शातिर दबोचे

■ छीना गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मोबाइल झपटमारी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

महेशपुरा निवासी लेखराज ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि तीन जून की शाम करीब 5:40 बजे वह महेशपुरा सड़क पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक उसके हाथ से ओप्पो मोबा. इल फोन झपटकर फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में 5 जून को कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बरहेनी रोड स्थित बरार धर्मकांटा के समीप पुलिस टीम ने दो संदिग्ध युवकों को मोटरसाइकिल सहित रोककर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल बरामद हुआ।

पूछताछ में दोनों ने मोबाइल झपटमारी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने हिमांशु आर्या पुत्र शंकर राम निवासी बाकेनगर मझराप्रभु तथा शुभम सागर पुत्र राधेश्याम निवासी टूटी फैक्ट्री नमूना, थाना बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया ओप्पो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूके-18 एस-1429 बरामद की है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनि. रीक्षक देवेंद्र मेहता, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह परिहार तथा कांस्टेबल नरेंद्र सिंह शामिल रहे।

# ड्यूटी के दौरान वन कर्मी की संदिग्ध मौत

■ सर्वे कार्य के बीच बिगड़ी तबीयत, जांच में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर में ड्यूटी के दौरान एक वन कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

जानकारी के अनुसार तराई पश्चिमी वन प्रभाग के वर्किंग प्लान अनुभाग में तैनात वन आरक्षी आनंद बल्लभ जोशी फाटो पर्यटन जोन क्षेत्र में चल रहे सर्वे कार्य में शामिल थे। बताया जा रहा है कि सर्वे के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें चक्कर आने लगे। इससे पहले कि साथ मौजूद कर्मचारी कुछ समझ पाते, वह जंगल में ही गिर पड़े।

घटना के बाद उनके साथ मौजूद वन कर्मियों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने तक उनकी हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा जांच किए जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

संयुक्त चिकित्सालय रामनगर की चिकित्सक डॉ. हिमानी ने बताया कि वन कर्मी को अस्पताल लाया गया था, लेकिन प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उनकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। और रिपोर्ट आने के बाद ही यह पता चल सकेगा कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।

वन कर्मी आनंद बल्लभ जोशी की अचानक हुई मौत की खबर मिलते ही उनके परिजनों में को. हराम मच गया।

## एक नजर

### वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बिगराबाग स्थित सरस्वती एकेडमी में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस दौरान विद्यालय परिवार ने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रधानाचार्य रामयश, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने घरों से ही पर्यावरण संरक्षण पर आधारित आकर्षक पोस्टर, निबंध और कविताएं तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। चेयरपर्सन ज्योति पाल ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी दैनिक जिम्मेदारी है। पानी-बिजली की बचत, कचरा प्रबंधन और अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही हम धरती को सुरक्षित रख सकते हैं। अंत में प्रधानाचार्य श्री रामयश ने सभी को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया।

### गुमसानी कट पर पलटा ओवरलोड खनन वाहन, चालक सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब खनन सामग्री से भरा एक ओवरलोड वाहन गुमसानी कट के पास पलट गया। हादसा सुबह करीब पांच बजे उस समय हुआ, जब वाहन हाईवे पर चल रहा था।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवे पर वन-वे व्यवस्था लागू होने के कारण चालक को डायवर्जन का सही अंदाजा नहीं लग पाया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। गनीमत रही कि दुर्घटना में चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। बाद में वाहन को हटवाकर यातायात को सुचारु कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही लगातार बनी हुई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा की तीसरी बार भारी बहुमत से प्रदेश में बनेगी सरकार: ठकुराठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा सहित अन्य संगठनों में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले छात्र महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता गणेश ठकुराठी ने मिशन 2027 को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा सरकार के ऐतिहा. सिक निर्णयों और विकास कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार पलायन, जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सराहनी और सकारात्मक कार्य करने और जनहित के अनेकों मुद्दों पर ऐतिहासिक निर्णय लेने के बाद प्रदेश के अंदर हमारी सरकार लगातार तीसरी बार जनता के द्वार जा रही है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के हित को देखते हुए सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज जैसे एम्स तथा शिक्षा के क्षेत्र में टेक्निकल कॉलेज खोले गए हैं। वहीं पलायन जीरो हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा क्षेत्रीय दलों के प्रति जनता का विश्वास कम होता जा रहा है और उनका ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है और जनता का विश्वास भारतीय जनता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में लगातार देश व प्रदेश का विकास हो रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुशासन की व्यवस्था स्थापित हुई है। इसलिए भाजपा तीसरी बार भारी बहुमत से प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल चुनाव के समय में अपने बड़े व राष्ट्रीय नेताओं को क्षेत्र में उतारती है, लेकिन 5 वर्ष के समय में कोई जनता की सुध लेने नहीं आता है कभी भी जनता के बीच में ना तो जाते हैं और ना ही उनकी समस्या को सुनते हैं और ना ही उठाते हैं, जिसको जनता भली भांति जानती हैं।

### मुख्यमंत्री ने पौधा लगाकर दिए पर्यावरण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लोहियाहेड हेलीपैड व कैंप कार्यालय में जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है,इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए।



इसके उपरान्त पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने कैंप कार्यालय परिसर लोहियाहेड में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा हमें पौधारोपण ही नहीं उनका संरक्षण भी करना है। मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जनपद में अभियान चलाकर 04 लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा,प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी,अमित कुमार पांडे, रनदीप पोखरिया,भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति,अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि, जनता उपस्थित थे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में सभी सम्मानित पदाधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार सैनी , ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री अर्जुन कश्यप एवं राजेश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष राम अवतार मौर्य मुकेश सैनी , मंडल महामंत्री कुणाल सैनी यशपाल सिंह , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रितु अग्रवाल , प्रीता भट्ट , आशा, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरजपाल अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष शमशाद हुसैन, विनीत कश्यप , आनंद सिंह , बबलू , कार्यालय मंत्री अमरपाल मौर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पालिकाध्यक्ष, ईओ और सभासदों ने किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक. ाध्यक्ष, ईओ व सभासदो के द्वारा पौधारोपण किया गया।

शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कोसी बैराज स्थित पार्क मे पालिकाध्यक्ष हाजी मौ. अकरम, ईओ आलोक उनियाल, प्रभारी स्वास्थ निरीक्षक लल्ला मियॉ, पालिका लेखाकार फिरोज जाफरी, सभासद तनुज दुर्गापाल, शिवि अग्रवाल के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर पालिक. ाध्क्ष अकरम के द्वारा धरती को हरा भरा रखने के लिये अधिकाधिक संख्या मे पौधारोपण किये जाने व उनका ख्याल रखने की जरूरत पर जोर दिया। ईओ आलोक उनियाल ने मॉ के नाम एक पौधा लगाये जाने की थीम पर नागरिको से अधिकाधिक पौधे लगाये जाने की बात कही है।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के अधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित हुई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। उन्होंने राजनैतिक दलों से भी अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 29 मई से 07 जून 2026 तक प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग कार्य संपन्न किया जाएगा। इसके बाद 08 जून से 07 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं गणना प्रपत्र भरने का कार्य करेंगे। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 07 जुलाई तक तथा मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 14 जुलाई तक किया जाएगा व दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 14 जुलाई से 13 अगस्त तक तथा नोटिस चरणध्दावों का निपटान एवं आपत्ति 14 जुलाई से 11 सितंबर तक व अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितम्बर को किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा मृत, स्थानांतरित, अपात्र एवं डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाकर सूची को अधिक विश्वसनीय एवं अद्यतन बनाना है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि एन्यूमरेशन चरण के दौरान किसी प्रकार के दस्तावेज एकत्र नहीं किए जाएंगे। बैठक में भाजपा से गजेन्द्र प्रजापति, डीएन यादव, राजेश तिवारी, कांग्रेस से नरेश पाल, ललित बिष्ट, आम आदमी पार्टी से किरन पाण्डेय विश्वास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुण्डल राम आदि मौजूद थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर चाणक्य पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चाणक्य पीजी कॉलेज रुद्रपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। चेयरमैन एसपी सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने जल, वायु और भूमि को प्रदूषण से बचाने, वृक्षारोपण को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र सिंह बिष्ट, प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी, प्राध्यापकगण सलीम अहमद अनिल कुमार, डा.आइशा अमीन, डा.हरकमल कौर, डा. रुबिना सुलतान, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, उपासना तिवारी, आकांक्षा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल हिमानी फुलारा, कमलेश अवस्थी, अनुज सिकदर, मनोज, रामसेवक दीपक गोस्वामी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ व्यापक वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया।



बाजपुर स्थित श्री रामभवन धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभम पाण्डेय के नेतृत्व में फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार, दर्जा मंत्री मंजीत सिंह राजू, टिंकू यादव, संदीप गुप्ता, राकेश ठाकुर, अमन भारद्वाज, विक्की राजहंस, राहुल सैनी, रिंकू शर्मा, गौरव गुरु, अजय ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने पर्यावरण प्रेमी एवं विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन स्व.सरदार सुरेन्द्र सिंह काहलो को श्रद्धापूर्वक याद किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक काहलो, डायरेक्टर राजिंदर कौर काहलो तथा प्रधानाचार्य भुवन कांडपाल ने पौधारोपण कर युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य मोहिता कांडपाल, कोच मनोज राजहंस, राजवीर सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो नए कूड़ा वाहनों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में शुक्रवार को दो नए कूड़ा वाहनों का शुभारंभ किया गया। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। वहीं पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए नगर पालिका परिषद निरंतर कार्य कर रही है। नए कूड़ा वाहनों के संचालन से घर-घर से कूड़ा संग्रहण व्यवस्था और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित होगी। जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# पौधा रोपण कर दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, ने जिला कार्यालय परिसर में पौधा रोपण किया व सभी को पर्यावरण दिवस की बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे हमें शुद्ध हवा देते है तथा पर्यावरण, जल संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है, इसलिये हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए व पौधों का संरक्षण भी करना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हरेला पर्व व वर्षाकाल में वृहद पौधारोपड़ अभियान चलाया जाएगा। वृक्षारोपण अभियान ग्राम पंचायत से लेकर न्याय पंचायत, ब्लाक स्तर व जिला स्तर तक चलाया जाएगा जिसमे सभी जनप्रति. निधियों, स्वंय सहायता समूह, स्कूली बच्चों के साथ ही जनसहभागिता होगी। इस दौरान उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, पेयजल निगम सुनील जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला पंचायतरात अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर, तहसीलदार निदेश कुटौला सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी आदि मौजूद थे।



# हर पौधा भविष्य की पूंजी: ऋषि रंजन आर्य




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर टनकपुर पावर स्टेशन परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से विशेष पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत आम, लीची, नाशपाती एवं नींबू सहित 40 फलदार पौधों का रोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रमुख एवं महाप्रबंधक (विद्युत) ऋषि रंजन आर्य द्वारा पौधारोपण कर किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संत. ुलन के आधार नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के संरक्षक भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पावर स्टेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही उपस्थित कार्मिकों को उनके घरों और आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु पौधे वित. रित किए गए, जिससे हरियाली के इस अभियान को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा जा सके।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बीच वृक्षारोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।

टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा आयोजित यह अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व, पर्यावरणीय जागरूकता और सतत विकास के संकल्प का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

**संबन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र राकेश और पुत्रवधु पूजा को उनके द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त संबन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन एवं कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं होगा।

**श्यामा चरन पुत्र श्री ननकी लाल निवासी-लालपुर, थाना व तह. किच्छा, जिला उधमसिंह नगर**

# सहकारी क्रय विक्रय समिति के संचालक मंडल ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** सहकारी क्रय विक्रय समिति रामनगर की प्रथम नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष पूजा रावत,उपाध्यक्ष पुष्पा चिलवाल और सभी संचालकों का शुक्रवार को रामनगर स्थित मुख्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट और विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष राकेश नैनवाल रहे।पूजा रावत द्वार विधिवत रूप से अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया गया।शपथ कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने सहकारिता को मजबूत करने और समिति को आगे ले जाने की बात कही।उन्होंने सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग करने की बात कही।

समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूजा रावत ने कार्यक्रम में आने के लिए समिति के पदाधिकारियों, सहकारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया और मिल जुलकर समिति को मजबूत करने की बात कही।

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा,मालधन मंडल अध्यक्ष प्रेम आर्या, रामनगर किसान सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, करणपुर सहकारी समिति अध्यक्ष विजयपाल रावत, पीपलसाना समिति अध्यक्ष अमन रंधावा,मालधन सहकारी समिति अध्यक्ष हरीश दफोटी,राजेंद्र सैनी, कपिल रावत,चंदन अधिकारी, भावना भट्ट,आशा बिष्ट,नीमा मठपाल किरण रावत, ममता पांडे, मनप्रीत कौर,किशोरी लाल आदि मौजूद रहे।

# रामपाल सिंह बने बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व मेयर रामपाल सिंह को 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (राज्य स्तरीय) का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

नियुक्ति की घोषणा के बाद उनके आवास और कार्यालय पर बधाई देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा।विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार करते हुए मिठाइयां वितरित कीं।डॉ. बीआर अंबेडकर जन सेवा एवं शिक्षण विकास समिति उत्तराखंड सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रामपाल सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। वहीं रामपाल सिंह ने सभी शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिला यह दायित्व शीर्ष नेतृत्व के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। इस दौरान नरेश सागर, रामस्वरूप भारती, छोटेलाल गुरुजी, दीप सिंह, ए.पी. आजाद, चंद्रपाल सिंह, गंगा सिंह, ब्रजपाल पाल सिंह, केवल कृष्ण भारती, अनिल चौहान, राकेश सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, मोहन तिवारी, हिम्मत राम कोली, विजय बाजपेई, विनय विश्वास, प्रमोद शर्मा, वेद प्रकाश मौर्य, कृष्णपाल गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, नारायण जोशी, पवन शर्मा, कुंवर पाल, मोहम्मद हसन खान, बबलू दिवाकर, हिमांशु नरूला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# फाइबर फैक्ट्री से वन विभाग ने खाली कराई 3.44 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि

- **प्रशासन, पुलिस बल, वन विभाग तथा राजस्व विभाग की मौजूदगी में की गई कार्यवाही**
- **कार्रवाई से फैक्ट्री प्रबंधन में मचा हड़कंप**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वन विभाग की 3.44 हेक्टेयर भूमि पर फाइबर फैक्ट्री द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए शुक्रवार को एक बड़ी कार्यवाही की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले बॉयलर को जाने वाली विद्युत एलटी लाइन काट दी गई, जिससे बॉयलर बंद हो गया। वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस बल तथा प्रशासन की मौजूदगी में फाइबर फैक्ट्री द्वारा अतिक्रमण किए गए जमीन को खाली कर लिया गया। जेसीबी के माध्यम से नाली खोदकर सीमांकन कर दिया गया। वहीं पूरी कार्यवाही को प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरे में भी कैद कर लिया गया।

संयुक्त प्रशासनिक टीम द्वारा अचानक हुई इस कार्रवाई से फैक्ट्री प्रबंधन में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री प्रशासक द्वारा बायलर की बिजली न काटने तथा थोड़ा समय देने की गुजारिश की गई, लेकिन वन विभाग द्वारा इनकार कर दिया गया। वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए वन विभाग की एसडीओ संचिता वर्मा ने बताया कि फाइबर फैक्ट्री को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर सख्त निर्देश दिया गया था कि वन विभाग की भूमि से स्वयं अतिक्रमण हटा लें लेकिन फैक्टरी प्रशासन द्वारा वन विभाग की भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसलिए प्रशासन की टीम के साथ संयुक्त रूप से सख्त रवैया अख्तियार करते हुए शुक्रवार को मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

वहीं दूसरी ओर फैक्ट्री प्रशासक जेसी पाठक ने कंपनी का पक्ष रखते हुए बताया कि फाइबर प्राइवेट लिमिटेड को साल 2024 में 'मोग. लिस कंपनी' ने खरीदा था। नए मालिकाना हक वाले प्रबंधन को वन विभाग की इस 3.44 हेक्टेयर भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी।

उन्होंने कहा कि कंपनी प्रशास. निक कार्रवाई में पूरा सहयोग कर रही है। प्रशासक पाठक ने यह भी कहा कि फैक्ट्री प्रशासन वन संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस अतिक्रमण वाली भूमि के बदले उतनी ही जमीन किसी दूसरी जगह पर वन विभाग को उपलब्ध कराने के लिए तैयार है, ताकि वन संरक्षण कार्य में कोई बाधा न आए। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक वन विभाग द्वारा उक्त भूमि को अपने पूर्ण नियंत्रण में लेने का कार्य जारी है। इस मौके पर वन विभाग एसडीओ संचिता वर्मा, खटीमा वन रेंज अधिकारी हरेंद्र सिंह बिष्ट, सुरई वन रेंज अधिकारी आरएस मनराल, किलपुरा वन रेंज अधिकारी मनोज कुमार पांडे सहित वन विभाग के तमाम कर्मचारी, पुलिस बल और प्रशासन मौजूद रहा।

## एक नजर

# चार शोरूमों में हुई चोरी का खुलासा, एक पकड़ा

**500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर राजस्थान तक पहुंची पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य बाजार क्षेत्र में चार शोरूमों में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के 25,500 रुपये नकद और एक आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद की गई है। मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार 14 मई की रात मुख्य बाजार क्षेत्र स्थित चार अलग अलग शोरूमों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इस संबंध में आदित्य भनोट, अंकित नरूला और मधुर मेहंदीरत्ता की तहरीर पर कोतवाली रुद्रपुर में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किए गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस और एसओजी की संयुक्त तीन टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान टीमों ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में तीन संदिग्ध व्यक्ति चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद आते जाते दिखाई दिए। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए राजस्थान के जयपुर और फिर बांसवाड़ा तक पहुंची। वहां संदिग्धों की पहचान प्रवीण उर्फ गुडिया उर्फ गुड्डु मईड़ा, रायचंद सिंह मईड़ा और राजू उर्फ रजिया के रूप में हुई। तीनों आरोपी राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर रामपुर बिलासपुर रोड से रायचंद सिंह मईड़ा पुत्र मांगिया मईड़ा निवासी पिपलवा माही डैम रोड, कोतवाली सिटी बांसवाड़ा, राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी के 25,500 रुपये नकद और एक आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार मामले में वांछित आरोपी प्रवीण उर्फ गुडिया उर्फ गुड्डु मईड़ा तथा राजू उर्फ रजिया की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह खत्री, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह रिंगवाल, अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल प्रेम कनवाल, हिमांशु, शुभम सैनी, पंकज बिनवाल तथा भूपेंद्र आर्या शामिल रहे।

# स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में शहरी विकास विभाग एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकायों द्वारा संचालित स्वच्छता कार्यों, कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, डंपिंग जोन प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के सभी नगर निकायों में घर-घर कूड़ा संग्रहण एवं स्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्धारित मानकों का पालन न करने वाले अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजकुमार,सहायक नगर आयुक्त राजदेव जायसी, समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीसी से तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 14 जून को ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आगामी 14 जून 2026 को प्रातः 06:15 बजे से 07:35 बजे तक आयोजित किए जाने वाले विशेष ऑनलाइन योग सत्र के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने के प्रयासों को लेकर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।



बैठक में बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से एक साथ सर्वाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आयुष मंत्रालय के आधिकारिक यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे पंजीकरण कर निर्धारित तिथि एवं समय पर योग सत्र में प्रतिभाग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी आधार है। उन्होंने सभी विभागों को इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित करने तथा व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पंजीकरण हेतु प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देनी होगी। मिस्ड कॉल के उपरांत प्रतिभागी के व्हाट्सएप पर पंजीकरण लिंक प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की आधिकारिक गणना में शामिल होने के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को 14 जून को अपने व्यक्तिगत मोबाइल, लैपटॉप अथवा अन्य डिजिटल उपकरण से अलग-अलग लॉग-इन कर ऑनलाइन योग सत्र से जुड़ना अनिवार्य होगा। केवल पंजीकृत एवं लॉग-इन किए गए व्यक्तिगत उपकरणों को ही रिकॉर्ड गणना में शामिल किया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस. एस.नबियाल,उप प्रभागीय वनाधिकारी राजकुमार समेत जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डा. उषा बृजवासी भट्ट द्वारा किया गया।

# सीएमओ ने किया हेपेटाइटिस प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** नयागांव और आसपास के प्रभावित इलाकों में वायरल हेपेटाइटिस (पीलिया) के संदिग्ध मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। आज शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और मौके पर तैनात स्वास्थ्य टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

सीएमओ डा. केके अग्रवालन ने स्वास्थ्य टीमों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के प्रत्येक घर में जाकर (डोर-टू-डोर) सर्वे कार्य में कोई ढिलाई न बरती जाए। पीलिया, बुखार, और पेट दर्द जैसे लक्षणों वाले मरीजों की पहचान कर उनकी त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए। बीमारी का मुख्य स्रोत दूषित पानी होने की आशंका को देखते हुए अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के समन्वय से ग्रामीणों को स्वच्छ व उबला हुआ पानी पीने की सलाह देने और सार्वजनिक जल स्रोतों की क्लोरिनेशन प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा । स्वास्थ्य



विभाग की रैपिड रिस्पॉन्स टीम द्वारा पहले ही क्षेत्र के सार्वजनिक पेयजल स्रोतों, हैंडपंपों और पीड़ित परिवारों के घरों से पानी के सैंपल एकत्रित कर जांच के लिए भेजे जा चुके हैं। सीएमओ ने स्पष्ट किया है कि आम जनमानस की सेहत से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और स्थिति पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. संतोष कुमार पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शिवम को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बेरिया चौकी का घेराव

- **अवैध खनन के खिलाफ फूटा जनाक्रोश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार को अवैध खनन से जुड़े हादसे में युवक शिवम की मौत के बाद क्षेत्र में जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने बेरिया चौकी पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा चौकी का घेराव कर धरना शुरू कर दिया।



प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का कारोबार जारी है, लेकिन संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते अवैध खनन पर रोक लगाई जाती तो यह दर्दनाक हादसा नहीं होता। धरने पर बैठे लोगों ने अवैध खनन को पूरी तरह बंद करने, हादसे के लिए जिम्मेदार आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने तथा मृतक शिवम के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग पिथौरागढ़ एवं 130 इको टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में डॉन बॉस्को स्कूल, पिथौरागढ़ में पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था।




कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशीष भटगांई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर कल्पना देवलाल, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह सहित वन विभाग, 130 इको टास्क फोर्स, शिक्षण संस्थान एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी है।

# डेंगू/चिकनगुनिया को लेकर डीएम ने दिए सख्त दिशा-निर्देश

- **जांच, ब्लड व प्लेटलेट्स व्यवस्था, आवश्यक औषधि के साथ-साथ व्यापक जनजागरण व प्रचार-प्रसार करने के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** जिलाधिकारी नितिन भदौरिया की अध्यक्षता में जनपद में डेंगू/चिकनगुनिया रोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को डेंगू/चिकनगुनिया नियत्रण हेतु चिकित्सालयों डेंगू आइसोलेशन वार्ड बनाये जाने, जांच व्यवस्था सुदृण करने, ब्लड व प्लेटलेट्स व्यवस्था बनाये रखने, आवश्यक औषधि की उपलब्धता बनाये रखने के साथ-साथ अर्न्तविभागीय सहयोग से व्यापक जनजागरण व प्रचार-प्रसार करने निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर नालो-नालियों की सफाई, फोगिंग एवं दवाईयों के छिड़काव तथा स्वच्छता अभियान पर विषेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डेंग से बचाव हेतु सीधे लार्वा पर ही वार किया जाये ताकि मच्छर पनपने न पाएं।

उन्होंने डेंगू के प्रति वृहद्ध स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने तथा विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभाओं में डेंगू के लक्षण, कारण, रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को फुल बाजू वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवालन ने डेंगू रोग के बारे में जानकारी दी व बचाव के उपाय बताये साथ ही सभी विभागों को डेंगू सोर्स रिडक्शन व जनजागरण में सहयोग हेतु आव्हान किया गया। उन्होने डेंगू रोधी कार्ययोजना व विभाग द्वारा की गयी तैयारियों के बारे में अवगत कराया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसीएमओ डा. एसपी सिंह, डा. डीपी सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, एआरटीओ पूजा नयाल, मोहित कोठारी, अधिशासी अभियंता पेयजल सुनील जोशी, सहित नगर निकाय अधिकारी उपस्थित थे।

# आबकारी टीम ने कच्ची अवैध शराब की भट्टियां तोड़ी

- **130 लीटर शराब बरामद की, 12000 केजी लहन नष्ट किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कच्ची अवैध शराब को लेकर विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत संयुक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप कुमार के निर्देश पर व सहायक आबक. ारी आयुक्त एनआर जोशी के निर्देशन पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण व बिक्री भंडारण के अड्डों को समूल विनिष्टीकरण के क्रम में आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट, क्षेत्र 4 बाजपुर के नेतृत्व में मसीत, केलाखेड़ा, कुईखेडा व सरकडी में क्षेत्र 4 बाजपुर, मण्डलीय प्रवर्तन दल (कुमाऊं मंडल) जनपदीय प्रवर्तन दल व क्षेत्र 01 रुद्रपुर की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त दबिश दी गई।



दबिश के दौरान लगभग 130 लीटर कच्ची शराब बरामद की, तथा 12000 केजी लहन को मौके पर नष्ट किया। धारा 60 आबकारी अधिनियम में 3 अभियोग पंजीकृत किये गये। टीम में आबकारी निरीक्षक प्रताप राम, उप आबकारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कम्बोज, विकास रावत संतोष लोहानी, दीपक दुबे, आबकारी सिपाही वीरेंद्र कुमार, वंदना घिल्डियाल, अर्चना यादव, रेनुका बोरा, गीता जोशी मौजूद रहे।

# योगेश मेमोरियल ने नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** मां वाराही धाम स्थित योगेश जोशी मेमोरियल शिव शक्ति पब्लिक स्कूल देवीधुरा ने वन विभाग देवीधुरा के तत्वाधान से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बच्चों द्वारा स्वहस्तनिर्मित तख्तियां के माध्यम से तथा शिक्षिका गीता जोशी के नेतृत्व में बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि दीप चंद्र जोशी वन क्षेत्राधिकार देवीधुरा ने नुक्कड़ नाटक की बड़ी सराहना करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि स्कूल के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित बहुत गहरी समझ विकसित हुई है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने कम शब्दों में सारगर्भित संदेश प्रदर्शित किया है। इस अवसर पर वन विभाग ने बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इधांत जोशी, द्वितीय स्थान गुंजन बिष्ट, तृतीय स्थान आराध्या बोरा तथा चतुर्थ स्थान में सांत्वना पुरस्कार गुंजन चम्याल को मिला। भाषण प्रतियोगिता के सभी विजयी प्रतिभागियों को वन क्षेत्राधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर रणजीत सिंह कार्की, कृष्ण चंद्र, रमेश राम प्रमोद कुमार, हिमांशु मिश्रा, नंदी जोशी, भावना, मीरा, चित्रा गोस्वामी , गीता जोशी, रेनू, बृजमोहन जोशी, नरेश कुमार, दीप चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

# जगन्नाथपुर में एक ही रात दो घरों में लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाते हुए नकदी और चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवारों ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जगन्नाथपुर निवासी शाकिर अली पुत्र फकीर मोहम्मद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 जून की रात लगभग दो बजे से साढ़े तीन बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 52 तोला चांदी के आभूषण तथा 6,500 रुपये नकद चोरी कर लिए। इसी दौरान चोरों ने उनके छोटे भाई जाकिर अली के घर को भी निशाना बनाया। वहां अलमारी का ताला तोड़कर चांदी का हार, पायल, हाथबंद, कलाई का आभूषण और चांदी की अंगूठी समेत पांच चांदी की वस्तुएं तथा 46 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। बताया गया कि घटना के समय दोनों परिवार घर के आंगन में सो रहे थे। चोरी की पूरी वारदात घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, हालांकि फुटेज में चोरों के चेहरे स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे हैं। पीड़ितों ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कमीशन न देने पर दुकानदार से मारपीट, रंगदारी मांगने का आरोप

**दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, पुलिस से सुरक्षा की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर क्षेत्र के एक मार्बल-पत्थर व्यवसायी ने दो युवकों पर दुकान में घुसकर मारपीट करने, रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाजपुर निवासी मार्बल-पत्थर व्यवसायी विजय कुमार पुत्र बाबूलाल कुमावत ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को दो युवक उनकी दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने कुछ दिन पूर्व एक ग्राहक को पत्थर सप्लाई किए जाने का हवाला देते हुए कमीशन की मांग की। जब उन्होंने किसी प्रकार का कमीशन देने से इनकार किया तो दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। दुकानदार का आरोप है कि युवकों ने स्वयं को क्षेत्र का प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए दुकान के अंदर घुसकर उनके साथ मारपीट की और भविष्य में उनकी जानक. ारी के बिना किसी ग्राहक को सामान बेचने पर कमीशन देने की बात कही। विरोध करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित के अनुसार, दुकान पर मौजूद कर्मचारियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ, अन्यथा कोई बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने बताया कि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने दुकान के बाहर मिलने पर गोली मारने की धमकी दी, जिससे वह और उनका परिवार भयभीत है।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-123/नामा०सूचना/2026-27 दिनांक: 3/6/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-08 क्रमांक 20 पर श्री संदीप कुमार पुत्र श्री धरमपाल का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 276 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री हरिनारायण अरोरा पुत्र श्री जगत्री लाल निवासी सिद्धू मार्केट, किच्छा जिला ऊधम सिंह नगर के जरिये अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-131 / नामा०सूचना/2026-27 दिनांक:-4/6/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं. 10 क्रमांक 203 पर श्री नासिर अहमद पुत्र श्री तस्वीर अहमद का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 192 रू. वार्षिक है। दाननामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्रीमती खैरूलनिशा पत्नी श्री तस्वीर अहमद निवासी गदरपुरा, तहसील गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर के नाम से गृहकर अभिलेखों में पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# नैनीताल जिले को 96 करोड़ 71 लाख की विकास योजनाओं की सौगात

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 6 योजनाओं का लोकार्पण, 7 का शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नैनीताल जिले के भीमताल पहुंचकर नैनीताल जिले को 96 करोड़ 71 लाख रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी।इस दौरान उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास हेतु अनेक घोषणाएं भी की। बता दें कार्यक्रम के दौरान सीएम ने 96 करोड़ 71 लाख 19 हजार की लागत से 6 योजनाओं का लोकार्पण एवं 29 करोड़ 71 लाख 59 हजार रुपये की लागत से 7 योजनाओं का किया शिलान्यास किया।



### इन योजनाओं का लोकार्पण

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रशासनिक भवन का रेनोवेशन, योगा भवन, गणित एवं बीएड भवन निर्माण 4568.46 लाख तथा 145.77 लाख की लागत से रामगढ़ क्षेत्र में मल्ला सूपी रूसानी दीगड कपुवा लोधिया मोटर मार्ग पुन: निर्माण, 251.65 की लागत से डीएसबी परिसर नैनीताल में महिला पुरुष छात्रावास एवं आईटी लैब निर्माण, 582.38 लाख रुपये की लागत से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के सोनगांव स्थित भूमि में लेक्चर कम सेमीनार ब्लॉक निर्माण तथा इसी प्रकार 507.20 लाख की लागत से भीमताल में 10 शैय्यायुक्त आयुष चिकित्सालय निर्माण।

### इन योजनाओं का शिलान्यास

काठगोदाम बाईपास मोटर मार्ग 87 निर्माण हेतु 469.69 लाख, रानीबाग प्रभाग हेतु काठगोदाम बाईपास द्वितीय चरण निर्माण 175.54 लाख, काठगोदाम-रानीबाग प्रभाग हेतु 75 मीटर स्पान स्टील ट्रस सेतु निर्माण 1177.93 लाख, रामनगर-भण्डारपानी- अमगड़ी- बोहराकोट-तल्लीसेठी- बेतालघाट- रतौडा भुजान जैना रींची-बिल्लेख मोटर मार्ग निर्माण 1028.00 लाख, नौकुचियाताल आयुर्वेदिक चिकित्सालय में फेब्रिकेशन कार्य 36.65 लाख, बर्धो आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चाहरदीवारी कार्य 37.99 लाख तथा आयुर्वेदिक चिकित्सालय हल्सौ में चाहरदीवारी एवं गेट निर्माण 45.79 लाख का शिलान्यास किया।

### फिलहाल ध्यान चुनाव में नहीं जनता की सेवा में केंद्रित है: सीएम

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी चुनावों को लेकर कहा कि उनकी सरकार का पूरा ध्यान जनता की सेवा और प्रदेश के विकास पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि चुनाव जब आएगा तब आएगा, लेकिन वर्तमान समय में सरकार निरंतर जनकल्याण और विकास कार्यों में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार लगन निष्ठा से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग और केंद्र सरकार के समर्थन से उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

### भीमताल क्षेत्र के विकास के लिए भी विभिन्न घोषणाएं

**नैनीताल।** भीमताल में सीएम ने भीमताल क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की जिसमें भीमताल में सैनिकों एवं व्यापारियों हेतु एक बहुउद्देश्यीय भवन का निर्माण, भीमेश्वर मंदिर एवं ओखलकांडा पशुपतिनाथ मंदिर को मंदिर माला मिशन में जोड़ना, रामगढ़ ब्लॉक के ओढ़ाखांन से मुक्तेश्वर मोटर मार्ग तथा जीप मार्ग का मिलान, रामगढ़ उप तहसील का शीघ्र संचालन, क्षेत्र में प्राधिकरण की समस्या के समाधान हेतु उच्च स्तरीय कमेटी का गठन शामिल था।

## भीमताल के ब्लाक प्रमुख डा. बिष्ट ने सौंपा सीएम को ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर भीमताल आगमन पर मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी को दो मांगों को लेकर ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने ज्ञापन सौंपा। ब्लाक प्रमुख डा. बिष्ट ने जनपद नैनीताल के विकास खंड भीमताल में चल रही महत्वपूर्ण जमरानी बांध परियोजना में बिजली उत्पादन की व्यवस्था शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र देकर विशेष अनुरोध किया। कहा कि बिजली उत्पादन से राज्य को बड़ा फायदा भी होगा। कहा कि वर्तमान में नैनीताल के भीमताल विकास खंड में वर्तमान में लगभग 38.08 करोड़ की लागत से जमरानी बांध परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस विशाल परियोजना में बिजली उत्पादन शुरू करने के लिए यानी लगभग 150 करोड़ की अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है। बिजली उत्पादन क्षमता से स्थानीय स्तर और राजस्व को मिलेगा। बिजली उत्पादन शुरू होने से न केवल स्थानीय स्तर पर ऊर्जा की कमी दूर होगी, बल्कि राज्य सरकार को प्रतिवर्ष राजस्व का सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावाए इस पहल से स्थानीय निवा. सियों और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के कई नए अवसर भी पैदा होंगे।



## विभिन्न संगठनों ने सीएम को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल प्रवास पर पहुंचे सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी को विभिन्न संगठनों ने ज्ञापन सौंपें। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर आशा कार्यकर्ताओं की विभिन्न मांगों के समाधान की मांग की है। यूनियन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और अभियानों में अहम भूमिका निभाने के बावजूद आशाओं को न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा और पेंशन जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुजवाल ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार से 3300 रुपये और केंद्र सरकार से 2000 रुपये मानदेय मिलता है जो वर्तमान महंगाई के दौर में बेहद कम है। उन्होंने बताया कि विभिन्न मदों का भुगतान कई.कई महीनों तक लंबित रहता है जिससे आशाओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मिलने वाला भुगतान भी यात्रा व्यय तक पूरा नहीं कर पाता। ज्ञापन में अस्पतालों में आशाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई है। यूनियन का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की कमी या चिकित्सकों की ओर से मरीजों को अन्यत्र रेफर किए जाने की स्थिति में भी आशाओं को अनावश्यक जांच और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। यूनियन ने मुख्यमंत्री को वर्ष 2021 में खटीमा में आशा प्रति. निधियों से हुई वार्ता की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय आशाओं का मासिक मानदेय निर्धारित करने और इसे 11 हजार 500 रुपये तक बढ़ाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हुआ है। पूर्व अध्यक्ष ओलंपिक बॉक्सिंग संघ एवं उत्तराखंड बॉक्सिंग संघ के आजीवन सदस्य मुखर्जी निर्वाण ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए बॉक्सिंग रिंग का निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है। कहा कि बॉक्सिंग खिलाड़ियों को लंबे समय से समुचित प्रशिक्षण सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

## सीएम से कूटा ने की नियमितीकरण कट ऑफ 2026 तक बढ़ाने की मांग

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के पदाधिकारियों ने नैनीताल पहुंचे सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कूटा ने संविदा प्राध्यापकों का वेतन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुसार 57 हजार 700 रुपये निर्धारित करने तथा 10 से 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों के नियमितीकरण के लिए कटऑफ तिथि वर्ष 2026 तक बढ़ाने की मांग की। कूटा ने सीएम से वरिष्ठ प्रोफेसरों को ग्रेड-15 का लाभ प्रदान करने तथा नैनीताल स्थित सात नंबर क्षेत्र में भूस्खलन निरोधक कार्यों के लिए आवश्यक बजट मुहैया कराकर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का भी अनुरोध किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कूटा पदाधिकारियों ने सीएम को पौधे भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत डा. भुवन चंद्र आर्य, डा. अनिल कपूर, डा. दीपक मेलकानी, डा. मोहित रौतेला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### होटल बुकिंग के नाम पर दिल्ली के पर्यटक से 15 हजार रुपये की साइबर ठगी

**नैनीताल।** नैनीताल घूमने आए दिल्ली का एक पर्यटक साइबर ठगी का शिकार हो गया। होटल बुकिंग के नाम पर पर्यटक से 15 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। मामले की शिकायत पुलिस और साइबर सेल को दी गई है। दिल्ली निवासी अभिनव ने नैनीताल आने से पहले गूगल में सर्च कर नैनीताल के हिमालया होटल में दो कमरे बुक कराए थे। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन 15 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया। शुक्रवार को परिवार के साथ नैनीताल पहुंचने पर उन्हें पता चला कि होटल में उनके नाम से कोई बुकिंग ही नहीं है। पर्यटक ने जब बुकिंग कराने वाले नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की तो सभी नंबर बंद मिले। ठगी का एहसास होने पर अभिनव और उनके परिजन परेशान हो गए और शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत साइबर सेल को भेज दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने पर्यटकों से होटल बुकिंग करते समय केवल अधिकृत वेबसाइटों और सत्यापित माध्यमों का ही उपयोग करने की अपील की है।

### तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही कार को टक्कर मारी

**नैनीताल।** मल्लीताल स्टेट बैंक के समीप सड़क पर तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार के एयर बैग खुलने के चलते कार सवार घायल होने से बच गए। लेकिन कार की टक्कर में मौके पर अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार लखनऊ से नैनीताल घूमने आए संजय सिंह चौहान शुक्रवार को मल्लीताल पुराना घोड़ा स्टैंड से मालरोड की तरफ तेज गति में आ रहे थे। वह एसबीआई बैंक के आगे पहुंचे ही थे कि उनकी कार में ब्रेक नहीं लगे और वह आगे जाती कार से भिड़ गए। टक्कर इतनी जोर की थी कि पर्यटकों की कार के एयर बैग खुल गए। जिससे कार सवार घायल होने से बच गए। लेकिन। कार की टक्कर के बाद मौके पर भीड़ लग गई। जिसके बाद पलिस ने कार को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया। कोतवाल राजेन्द्र रावत ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पालिकाध्यक्ष के चुनाव पर सुनवाई 8 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पालिका नरेंद्रनगर (जनपद टिहरी गढ़वाल) के अध्यक्ष पद के चुनाव से जुड़े मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई 8 जून की तिथि निर्धारित की है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट इस पहलू पर भी विचार कर रहा है कि जब चुनाव परिणाम को चुनौती देने के लिए चुनाव याचिका का वैकल्पिक कानूनी उपाय उपलब्ध है तब क्या याचिकाकर्ता को उसी उपाय का सहारा लेना चाहिए अथवा न्यायालय इस मामले में रिट याचिका के माध्यम से भी न्यायालय हस्तक्षेप कर सकता है। इस पर सरकार और याचिकाकर्ता स्थिति से अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 8 जून की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और नायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

### हाईकोर्ट ने वकील को नहीं दी अंतरिम राहत

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने दहेज के लिए उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के द्वारा अपनी ही पत्नी की हत्या करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने उन्हें कोई अंतरिम राहत न देते हुए मामले की सुनवाई के लिए दूसरी पीठ को भेज दिया। अब इस मामले की सुनवाई दूसरी पीठ करेगी। अभियुक्त मनीष अरोड़ा वर्ष 2017 से अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में जेल में बंद है। नैनीताल के जिला सत्र न्यायाधीश ने उसे वर्ष 2019 मेंआजीवन कारावास की सजा सुनवाई थी। तब से आरोपी अधिवक्ता जेल में आजीवन की सजा भुगत रहा है। उनपर यह भी आरोप है कि जब मृतक को बीडी पांडे हॉस्पिटल में लाया गया था तो उनके द्वारा बिना पोस्टमार्टम कराए उसके शव को नैनीताल से हरिद्वार ले जाया गया। जबकि यह पूरा पुलिस केस था। उसकी मौत प्राकृतिक तरीके से न होकर अप्राकृतिक तरीके से हुई थी। हॉस्पिटल से ले जाते वक्त उनके द्वारा डिस्चार्ज स्लिप तक नहीं ली गयी। जबरदस्ती शव को हॉस्पिटल से उठाया गया। आरोपी की तरफ से कहा गया कि वे 2019 से जेल में बंद है।

### ओवरलोडिंग पर पुलिस सख्त, डंपर सीज़

**नैनीताल।** सड़क सुरक्षा और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार की शाम ज्योलीकोट में एक ओवरलोड डंपर को सीज कर दिया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहा डंपर संख्या यूके 04 सीबी-1769 ज्योलीकोट में चेकिंग के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक माल ले जाते हुए पाया गया। ओवरलोडिंग की पुष्टि होने पर वाहन को तत्काल सीज कर दिया गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसके ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

### नो पार्किंग और गलत दिशा में ड्राइविंग पर कार्रवाई

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के दौरान बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस ने शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। पुलिस ने शुक्रवार को तल्लीताल, हल्द्वानी रोड, भवाली रोड और मालरोड क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 वाहनों के चालान किए गए।

### हाईकोर्ट ने दो सप्ताह में मांगा जवाब

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून जनपद के विकासनगर क्षेत्र स्थित ग्राम सभा तौली में कथित अवैध पेड़ कटान और शिकायतकर्ताओं का ग्रामीणों ने सामाजिक बहिष्कार करने के मामले को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया है। न्यायालय ने राज्य सरकार से पूछा है कि 20 जनवरी 2026 को ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद अब तक कया कार्रवाई की गई है मामले में दो सप्ताह के भीतर जवाब पेश करें। आज मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

### जगपाल को जमानत पर रिहा करने के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में वर्ष 2012 में 11 वर्षीय बच्चे का किडनैप करके परिजनों से फिरौती मांगने के बाद उसे मौत की घाट उतारने के आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिदार्थ साह की खण्डपीठ ने उसके खिलाफ कोई ठोस सबूतों न होने के कारण याचिका के विचाराधीन रहने तक अभियुक्त जगपाल को जमानत पर रिहा करने के निर्देश दिए हैं।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि विवाह पूर्व मेरा नाम रजनी बाला पुत्री करम चन्द्र निवासी माधौपुर, उत्तमनगर, तह0 बहेड़ी, जिला बरेली था तथा अब विवाह उपरांत मेरा नाम पता रीतू कोहली पत्नी अखिल कोहली निवासी वार्ड 01, देवरिया, तह0 किच्छा जिला उधम सिंह नगर हो गया है। रजनी बाला एवं रीतू कोहली दोनों ही मेरे नाम हैं।

## सैंग्विन सोसायटी ने 200 परिवारों तक पहुंचाए पौधे




शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की सामा. जिक संस्था सैंग्विन वी केयर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज, एबुलिएंट इंग्लिश इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट तथा डा. कंचन्स एबीएस कोचिंग हब एकेडमी आफ ब्रिलियंट स्कॉलर्स के संयुक्त तत्वावधान में कारगी क्षेत्र में एक व्यापक पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत संस्था की टीम एवं छात्र छात्राओं ने घर-घर जाकर लगभग 200 फलदार एवं पुष्पीय पौधों का वितरण किया। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र आज पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधारोपण करे और प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान दे। संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. कंचन नेगी ने कहा कि एक पौधा केवल वृक्ष नहीं बनता बल्कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, छाया तथा जल संरक्षण और स्वस्थ जीवन का आधार बनता है। यदि प्रत्येक नागरिक वर्ष में कम से कम एक पौधा भी लगाए और उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने अभियान के सफल आयोजन हेतु कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी तथा धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद उनियाल का विशेष आभार व्यक्त किया।

## कोटद्वार में कैंटाबिल की स्टाइलिश एंट्री, खुला महिला-किड्स स्टोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** कोटद्वार में महिलाओं और बच्चों के लिए फैशन ब्रांड कैंटाबिल ने अपना नया एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू किया है। सीताबपुर स्थित 1359 वर्ग फुट क्षेत्र में बने इस स्टोर के साथ उत्तराखंड में कंपनी के स्टोर्स की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। स्टोर में महिलाओं के लिए कैजुअल, पार्टी, एथनिक और फॉर्मल वियर के साथ बच्चों के लिए भी ट्रेंडी परिधानों की नई रेंज उपलब्ध कराई गई है। कंपनी के निदेशक दीपक बंसल ने कहा कि ग्राहकों के बढ़ते विश्वास के चलते कंपनी अपने रिटेल नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है।

## रॉबिन हुड हाउस ओवरऑल चैंपियन

### गीत संगीत के साथ शेरवुड का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज के 157वें तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह का शुक्रवार को गीत संगीत के साथ संपन्न हो गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के रॉबिन हुड हाउस ने ओवर आल ट्राफी पर कब्जा किया।

समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र व ले ज दिव्य गौरव मिश्रा थे। विद्यालय सभागार में विद्यार्थियों ने गायनए वादन व नृत्य की मनमो. हक प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनो. रंजन किया। इस मौके पर भारतीय संगीत की धूम रही। मुख्य अतिथि ले ज दिव्यगौरव मिश्रा ने छात्रों द्वारा किये परिश्रम और व्यवस्थित श्रेष्ठ प्रदर्शन की खूब सराहना की। उन्होंने अपने सैन्य जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका का वर्णन किया और विद्यालय के दिनों की स्मरण साझा किया। विद्यालय प्रबंधन के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने सत्र 2025 के शैक्षणिक उपलबधियों का विवरण प्रस्तुत किया, साथ ही भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रिटायर्ड एयर मार्शल सुमित मुखर्जी व मेजर जनरल हरक. ीरत सिंह समेत हेम पांडे, आर पी सिंह, बासु साह, कवि अपूर्व गौरव बिक्रम शाह समेत अभिभावक व 1966 बैच के पूर्व छात्र मौजूद थे।



## सीएम धामी ने अपनी माता के नाम से लगाया पौधा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भीमताल झील परिक्षेत्र में पौध रोपण किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड की संस्कृति और जीवन शैली का प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। हमारे लोकपर्व व परंपराएं और जनजीवन सदैव पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों को सुदृढ़ करते रहे हैं। यह दिवस प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और संरक्षण की भावना को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें एकजुट होकर प्रकृति के संरक्षण की दिशा में भी चिन्तन करना होगा। उन्होंने कहा कि नैनीताल जिला झीलों के नाम पर विश्वविख्यात है, यहां देश विदेश से वर्षभर पर्यटक आते हैं। झीलों का संरक्षण व सवर्धन सरकार की प्राथमिकता में है। इसी उद्देश्य से भीमताल झील किनारे फूलों के पौध रोपित करने के साथ ही इसका सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी पूज्य माता बिसना देवी के नाम से एक बोगनबेलिया का पौध रोपित किया। उत्तराखंड सरकार में शहरी विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन व जलागम प्रबंधन मंत्री रामसिंह कैड़ा द्वारा भी अपनी स्व. माता रेवती देवी की स्मृति में एक पौध रोपण किया। कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा अपनी पूज्य माता सावित्री रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा अपनी पूज्य माता उमा देवी रयाल, मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं तेजस्विनी अरविंद पाटील द्वारा अपनी पूज्य माता स्व. मीना अरविंद पाटील की स्मृति में तथा मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे द्वारा अपनी पूज्य माता नागिन्दी पाण्डे तथा वन संरक्षक नितीश मणी त्रिपाठी द्वारा अपनी पूज्य माता नीलम मणी त्रिपाठी के नाम से पौध रोपित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार, आईटीबीपी से कमाडेंट हेमंत कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रेमा राणा, एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक व प्रकृति प्रेमी आदि मौजूद रहे।




### भीमताल पालिका को मिले 5 नए कूड़ा वाहन

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भीमताल नगर के लिए पांच नए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि भीमताल नगर पर्यटन एवं धार्मिक क्षेत्र में विख्यात है यहां की झील एवं प्राकृतिक सुन्दररता पर्यटकों को यहां खींच लाती है। नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का होना नितांत आवश्यक है इसी के तहत ये कूड़ा वाहन नगर पालिका को मुहैया कराए गए हैं ताकि नगर के कूड़े का निस्तारण आसानी से हो सके। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने के साथ ही कूड़े का समय पर निस्तारण आवश्यकीय है। यहां पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा रहे।

## दुराचार व लूटपाट करने के आरोपी टैक्सी चालक की जमानत खारिज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायधीश नैनीताल प्रशांत जोशी की अदालत ने दिल्ली (शाहदरा) की रहने वाली एक युवती के साथ बल्दियाखान के सुनसान रास्ते पर दुराचार व लूटपाट करने के आरोपी टैक्सी चालक की जमानत खारिज कर दी। पीड़िता 6 मार्च 2026 को देहरादून से हल्द्वानी पहुँचने के बाद काठगोदाम से नैनीताल के लिए एक वैगनआर में अकेली सवार हुई थी। आरोप है कि रास्ते में चालक दीपक सिंह बोरा निवासी फतेहपुर (मुखानी) ने गाड़ी को बल्दियाखान के पास एक सुनसान रास्ते पर रोक दिया। वहाँ उसने युवती के साथ गंभीर रूप से मारपीट कीए कपड़े फाड़े, उसका यौन उत्पीड़न (अश्लील हरकतें) किया और जान से मारने की धमकी देकर उसका बैग व मोबाइल लूट लिया। पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से भाग निकली और रास्ते में मिली एक महिला व स्थानीय ग्राम प्रधान की मदद से पुलिस तक सूचना पहुँचाई। घटना की जानकारी मिलते ही तल्लीताल थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए जीपीएस लोकेशन के आधार पर पाइंस के पास से आरोपी चालक दीपक सिंह बोरा को दबोच लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की वैगन आर गाड़ी को भी जबत कर लिया है जिसके मालिक अनिकेत जायसवाल ने पुष्टि की है कि आरोपी उनकी गाड़ी पर बतौर चालक काम कर रहा था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने पीड़िता की निशानदेही पर घटनास्थल से उसकी टूटी हुई छाता, चप्पल व पर्स और अन्य साक्ष्य बरामद किए हैं। मैडिकल रिपोर्ट में युवती के शरीर पर कई चोटें और खरोंचें पाई गई हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है जहाँ पीड़िता ने शिनाख्त परेड के दौरान आरोपी की सही पहचान भी कर ली है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नैनीताल में पौधारोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नैनीताल के लोक भवन समेत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं तथा विभिन्न संस्थाओं ने पौधरोपण कर धरा को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने लोक भवन नैनीताल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत चंदन का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अपर सचिव श्री राज्यपाल रीना जोशी, उप सचिव लक्ष्मण राम आर्या तथा लोक भवन के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कृषि एवं कृषि वानिकी संकाय ने कृष्णपुर में







विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर संकाय परिसर में विभिन्न पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि एवं कृषि वानिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एलएस लो. धियाल, संकाय सदस्य डा. नेहा जोशी, डा. रजनी रावत, डा. दीक्षा साह, डा. मनोज भट्ट, डा. फलक सिद्दीकी और डा. नीलम बिष्ट तथा कृषि एवं पर्यावरण विज्ञान के छात्र उपस्थित थे। पोस्टर निर्माण एवं प्रस्तुतिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।




शहीद मेजर राज्य अधिकारी राजकीय इंटर कालेज नैनीताल में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे क्विज, स्लोगन, नाटक, वाद विवाद तथा भाषण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वरी पुरो. हत द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य भावेश पंत ने की। विद्यालय के नेवल एनसीसी अधिकारी नवीन चंद्र धूसिया, कैडेट्स व अध्यापक तथा अध्यापिकाओं ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में भावेश पंत जी ने विश्व पर्यावरण दिवस की उपयोगिता को बच्चों को समझाते हुए विधिवत कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में कल्पना बिनवाल, शोभा, सुशीला हरबोला, देविका पांडे, सूरज कुमार, लक्ष्मी बिष्ट आदि उपस्थित रहे। राजकीय चिकित्सालय बीडी पांडे अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया गया। पीएमएस डा. द्रोपदी गर्व्याल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अस्पताल में पौधरोपण किया गया। इस दौरान डा. यति, मेटर्न शारदा गिनवाल, पुष्पा वर्मा, हीरा जीना तथा जितेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

